**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 19.02.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. इंडिया ए आई इम्पैक्ट सम्मिट दो हजार छब्बीस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आह्वान किया कि मानव केन्द्रित ए आई का भविष्य नवाचार, समावेशिता और मानवीय मूल्यों के साथ गढ़ना होगा।
2. रमजान के पवित्र महीने की शुरूआत पर प्रधानमंत्री ने भाईचारे और खुशहाली की कामना की। अंडमान निकोबार द्वीप समूह में कल से शुरू होगा रमजान का पवित्र महीना।
3. राइट मेयो में जैव विविधता और संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए मैंग्रोव क्रीक पर्यटन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
4. अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी समिति के तत्वाधान में 'मैं सागर में खड़ा हुआ हूँ' काव्य संकल्न का इक्कीस फरवरी को विमोचन होगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया ए आई इम्पैक्ट सम्मिट 2026 का उद्घाटन करते हुए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के लोकतांत्रिकरण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि एआई विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के लिए समावेशन और सशक्तिकरण का माध्यम बनना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व एक ऐसे युग में प्रवेश कर रहा है, जहाँ मनुष्य और बुद्धिमान प्रणालियाँ सह–निर्माण, सह–कार्य और सह–विकास करेंगी। एआई कार्य को अधिक स्मार्ट, कुशल और प्रभावशाली बनाएगा तथा मानव इतिहास में एक क्रांतिकारी अध्याय जोड़ेगा। प्रधानमंत्री ने एआई के लिए 'मानव विजन' प्रस्तुत करते हुए नैतिकता, जवाबदेह शासन, राष्ट्रीय संप्रभुता, समावेशन और न्यायसंगत व्यवस्था पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि प्रश्न यह नहीं कि एआई क्या कर सकता है, बल्कि यह है कि मानवता उसका उपयोग कैसे करती है। ए आई की परमाणु शक्ति से तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि ए आई दिशाहीन होने पर व्यवधान और सही दिशा में समाधान बन सकता है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओपन कोड, वैश्विक मानकों, डीप फेक रोकथाम, डिजिटल सामग्री पर प्रामाणिकता लेबल और वॉटरमार्किंग की आवश्यकता बताई तथा बच्चों की सुरक्षा पर भी बल दिया। फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रोन ने एआई को स्वास्थ्य, ऊर्जा और सार्वजनिक सेवाओं के लिए परिवर्तनकारी बताया तथा भारत की डिजिटल पहचान, भुगतान प्रणाली और पचास करोड़ डिजिटल स्वास्थ्य आईडी की भी सराहना की। वहीं संयुक्त राष्ट्र के महासचिव अंतोनियो गुतेरेस ने एआई के लिए वैश्विक कोष का आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अड़तीस हजार जीपीयू वाले कॉमन कंप्यूट प्लेटफॉर्म और 'नई दिल्ली फ्रंटियर एआई इम्पैक्ट कमिटमेंट्स' की घोषणा की, जिनका उद्देश्य रोजगार–आधारित नीति निर्माण और बहुभाषी एआई मूल्यांकन को सुदृढ़ करना है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने 'रमजान मुबारक' कहा और आशा व्यक्त की कि यह शुभ महीना समाज में एकता की भावना को और मजबूत करेगा। उन्होंने यह भी कामना की कि सभी जगह शांति और समृद्धि बनी रहे। हालांकि अंडमान निकोबार द्वीप समूह में रमजान का पवित्र महीना कल से शुरू हो रहा है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के पर्यटन निदेशालय द्वारा पर्यावरण एवं वन विभाग के सहयोग से इक्कीस फरवरी को राइट मेयो में मैंग्रोव क्रीक पर्यटन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सुबह दस बजे से दोपहर बारह बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को मैंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र का निर्देशित अनुभव प्रदान करना है, ताकि वे मैंग्रोव के पारिस्थितिक महत्व, जैव विविधता तथा संरक्षण संबंधी मूल्यों को समझ सकें। इस पहल के माध्यम से सतत पर्यावरण–पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ–साथ स्थानीय समुदाय, विशेषकर आसपास के क्षेत्रों के निवासियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही पर्यावरण–मार्गदर्शन और प्रकृति–आधारित पर्यटन के माध्यम से स्वरोजगार के अवसरों को प्रोत्साहित करने का भी प्रयास किया जाएगा। पर्यटन निदेशालय द्वारा पंजीकरण कराने वाले प्रथम तीस प्रतिभागियों के

लिए बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। बस मोहनपुरा स्थित मुख्य बस डिपो से प्रातः आठ बजे प्रस्थान करेगी। कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति मोबाइल नंबर 94–34–282–324 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था 'चेतना' द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हिंदी समिति एवं अनुज्ञा बुक्स के संयुक्त तत्वावधान में प्रकाशित द्वीपों के कवियों की वर्ष 2025 तक की कविताओं के संकलन, रमेश जोशी द्वारा संपादित पुस्तक 'मैं सागर में खड़ा हुआ हूँ' का विमोचन समारोह 21 फरवरी को किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. उत्पल शर्मा, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य, भीमराव अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान तथा विशेष सचिव, सूचना एवं प्रौद्योगिकी एवं लोक शिकायत विभाग, अंडमान निकोबार द्वीप समूह प्रशासन होंगे। विमोचन समारोह शाम साढ़े पांच बजे टैगोर कॉलेज के सभागार में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के निर्देशानुसार केंद्र शासित प्रदेश में सभी खुदरा औषधालयों एवं रसायन विक्रेताओं को ए बी डी एम–सक्षम फार्मेसी प्रबंधन सूचना प्रणाली स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की कार्यक्रम प्रबंधन इकाई ने स्वास्थ्य सेवाएं निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में स्थानीय औषधालयों के लिए एबीडीएम–अनुपालन सॉफ्टवेयर का आभासी प्रदर्शन आयोजित किया, जिसमें तीन सेवा प्रदाताओं ने भाग लिया। सत्र में औषधालयों पर आभा–आधारित पंजीकरण तथा पर्चियों एवं औषधि क्रय विवरण के डिजिटल भंडारण पर बल दिया गया। इसके साथ ही, जी बी पंत अस्पताल के ओपीडी में सोमवार से शुक्रवार, दोपहर 3 बजे से साढ़े चार बजे तक आभा/हेल्थ आईडी निर्माण हेतु एक विशेष काउंटर स्थापित किया गया है। नागरिक abha.abdm.gov.in वेबसाइट या निकटतम सामान्य सेवा केन्द्र के माध्यम से भी अपना आभा बनवा सकते हैं।

<><><><><><><>

चएम एस एम ई विकास एवं सुविधा कार्यालय, डॉलीगंज औद्योगिक क्षेत्र द्वारा आज अंडमान कॉलेज, श्री विजयपुरम में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण एवं विषय प्रस्तुति जी.के. सिन्हा, सहायक निदेशक प्रभारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर रवि शंकर, तथा उद्योग निदेशालय के सहायक निदेशक शाहिद खान ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। अंडमान कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस. जयकुमार ने भी अपने विचार रखे। यह प्रशिक्षण आज से 25 मार्च तक उद्योग प्रशिक्षण केंद्र, भातूबस्ती में आयोजित किया जाएगा। कुल सीटों में से 40 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य उद्यमिता, कौशल विकास एवं स्वरोजगार को प्रोत्साहित करना है।

<><><><><><><>